तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026



रविवार पर रविवार को लगे मार्केट में भीड़।



## खबर संक्षेप

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई जाएगी आज



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती सोमवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला शहर के कार्यकर्ता डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैण्ड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। दीपक सिंह ने समस्त भाजपा, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सुबह 9 बजे पुराना बस स्टैण्ड पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### हटिया-एलटीटी समर स्पेशल का परिचालन 15 तक

**बिलासपुर।** हटिया से एलटीटी के बीच चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार हटिया से एलटीटी के बीच चलने वाली अप डाउन 08609/08610 स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 जुलाई तक करने का आदेश जारी किया गया था। यात्रियों की सुविधा और मांग के बाद ट्रेन परिचालन की तिथि में विस्तार करते हुए 15 जुलाई तक किया गया है। हटिया-एलटीटी समर स्पेशल ट्रेन प्रति सोमवार को 13 जुलाई तक और 08610 एलटीटी-हटिया समर स्पेशल ट्रेन प्रति बुधवार को 15 जुलाई तक चलेगी।

**बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से कई जिलों भारी बारिश के आसार, दर्ज की गई 21 मिलीमीटर बारिश**



### इलाकों में भर रहा पानी

दोपहर 12 बजे के बाद काली घटाओं ने अंधेरा छा दिया और जमकर बारिश होने लगी, यह सिलसिला शाम तक जारी रहा और कई इलाकों में पानी भरने की नौबत आ गई। इस दौरान विनोबा नगर, निराला नगर, करबला रोड, इमलीपारा रोड, सरजू बगीचा, चांटीडीह जैसे इलाकों में बारिश का पानी सड़कों से होकर गुजरता रहा हालांकि बारिश कम होने के बाद नालियों से पानी की निकासी हो सकी।



# मानसूनी फुहारों से मौसम खुशगवार, भीगा रविवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नया सिस्टम सक्रिय होते ही मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार की सुबह से तेज धूप निकली, लेकिन दोपहर से आसमान पर घने काले बादल छाने लगे, शाम होते होते बारिश शुरू हो गई, जिससे रविवार खास बन गया। मौसम विभाग ने जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जिससे साफ है कि बारिश जून महीने की कसर पूरी करने में लगा है, 21 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण रह-रह कर बारिश हो रही है, खास बात यह है बिलासपुर जिले में मध्यम रफ्तार से बारिश हो रही है, वहीं कई जिलों में मूसलाधार बारिश के आसार हैं। ऐसी बारिश खरीफ फसलों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। मौसम विभाग ने भी प्रदेश के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है, जिसमें बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, बेमेतरा, बलोदा बाजार, जांजगीर चांपा, राजनांदगांव, दुर्ग शामिल हैं। रविवार की सुबह से हो रही बारिश के कारण दिन बेहद खास हो गया, आमतौर पर रविवार को सैर सपाटा करने वाले घरों में ही दुबके रहे और इस दौरान घर के बने व्यंजनों का जायका लेते रहे। वहीं सड़कें भी सूनी रही, ऐसे कई दुकानदार की बोहनी तक नहीं हो सकी, हालांकि चाय के ठेले और होटलों में थोड़ी बहुत भीड़ जुटी रही है।



### सक्रिय हुआ मानसून

निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है, जिसका चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 9.4 किमी की ऊंचाई तक फैला है। साथ ही मानसूनी द्रोणिका राजस्थान से गुजरते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बन चुकी है। बहतराई स्थित वेधशाला के अनुसार मानूसन पूरी तरह से सक्रिय है। शनिवार की सुबह 8 बजे से रविवार की सुबह तक महज 6.5 मिमी बारिश हुई थी, लेकिन रविवार को शाम 5 बजे तक 15.4 मिमी बारिश हो चुकी है। इसके बाद भी शाम को एक रफ्तार से अच्छी बारिश होती रही है। एक जून से अबतक 76.5 मिमी बारिश हो चुकी है। खास बात यह है कि रतनपुर और तखतपुर क्षेत्र में क्रमशः 24.3 मिमी व 14.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### खेतों की ओर लौटेंगे किसान

प्रदेश में मानसूनी बारिश सामान्य से 46 प्रतिशत कम दर्ज की गई थी, जिसके कारण खरीफ फसलों की बोआई और रोपा कार्य काफी धीमी गति से चल रहे हैं, मौसम जानकारों के मुताबिक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और ओडिशा तट पर बने सुस्पष्ट निम्न दबाव का यह क्षेत्र प्रदेश में भरपूर बारिश हो रही है, जिससे कृषि कार्यों में तेजी आना संभव हो सकेगा, ऐसे में मौके का फायदा उठाकर किसान भी खेतों की ओर लौट रहे है।

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मान्तरण को लेकर हंगामा, 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मान्तरण को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने एक सामुदाय के तीन लोगों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई की सुबह सीएमडी चौक स्थित आईएमए सभा भवन में एक समुदाय के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू समाज के लोगों को एकत्रित कर बीमारी ठीक करने, उच्च शिक्षा दिलाने सहित अन्य प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग आईएमए भवन पहुंच गए और धर्मान्तरण का विरोध करतु हुए हंगामा मचाने लगे। सूचना मिलते ही तारबाहर पुलिस मौके पर पहुंच गई। संगठन के सदस्यों की मांग पर पुलिस प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले तीन लोगों को पकड़कर थाने ले गई। हिंदू संगठन के सदस्य थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा मचाते रहे। काफी हो हंगामा के बाद तारबाहर पुलिस ने सरकण्डा निवासी कमलेश गोस्वामी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 4 के तहत प्रार्थना सभा आयोजित करने वाले निवेन्द्र कुमार मसीह आशीष जोसेफ, हनुष जोसेफ को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## आरक्षक से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पेशी के दौरान आरोपी को सिगरेट माचिस देने से रोकने पर दो महिलाओं ने हंगामा मचाते हुए आरक्षक के साथ गाली गलौज की है। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार बंजारा 4 जुलाई को केन्द्रीय जेल से आरोपी आशीष लारेंश को पेशी को जिला न्यायालय लेकर गए थे। पेशी होने के बाद आरक्षक उसे न्यायालय लाकअप लेकर जा रहे थे। चैनल गेट के पास आरोपी आशीष से दो महिलाएं मिलकर बातचीत के दौरान उसे सिगरेट माचिस दे रही थीं। आरक्षक मना किया तो दोनों महिलाओं ने हंगामा मचाते हुए आरक्षक के साथ गाली गलौज की। आरक्षक ने घटना की शिकायत सीजेएम से की। सीजेएम के आदेश पर आरक्षक ने रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 121, 1, 296, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### कृषि ज्ञान केन्द्र ने किया मूंगफली बीज का वितरण



**बिलासपुर।** कृषि ज्ञान केंद्र द्वारा मूंगफली बीज वितरण एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पाहंदा कोटा में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में निरंजन सिंह पैकरा जिला सदस्य द्वारा कृषकों को जैविक तरीके से मूंगफली की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। रोहिणी यादव जनपद सदस्य द्वारा प्रदर्शन से कृषकों को होने वाले लाभ की प्रशंसा की। संस्था प्रमुख डॉक्टर गीत शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए मूंगफली के उन्नत उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती हेमकांति बंजारे ने मूंगफली में उर्वरक प्रबंधन एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में, डॉ. निवेदिता पाठक ने मूंगफली से होने वाले फायदे व किस्म को लगाने की सलाह दी। कृषि विभाग के रामगोपाल भानु ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया साथ ही। जितेंद्र पैकरा द्वारा मूंगफली से कैसे अधिक आय की प्राप्ति कृषक कर सकता है, इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बीज वितरण किया गया, जिसमें 59 कृषक, 6 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### तीजन बाई का निधन संस्कृति और विरासत की अपूरणीय क्षति : अटल

**बिलासपुर।** तीजन बाई के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि उनका निधन छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पंडवानी को प्रदेश से बाहर राष्ट्र और राष्ट्र से बाहर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का काम किया था। सहज सरल एक छत्तीसगढ़ के गांव की मिट्टी से निकली कलाकार अपने कला के दम पर अपने गायन के दम पर पंडवानी को जन-जन तक पहुंचाया। कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्व विधायक शैलेश पांडे, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अभय नारायण राय, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व प्रदेश सचिव महेश दुबे ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने भी शोक व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### साप्ताहिक बाल संस्कार शिविर का समापन



**बिलासपुर।** रविवार कों को गंधर्व सामुदायिक भवन बहतराई मे गंधर्व समाज की ओर से बच्चों को योगासन, ध्यान, श्रीमद् भगवदगीता पाठ, हनुमान चालीसा, भोजन मंत्र, खेल एवं विविध गतिविधियों को कराया गया। इसमें करीब 30 बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें योगभ्यास सोमनाथ गंधर्व व मंत्र उच्चारण भुवन गंधर्व ने कराया।

### एआईपीएनबीओए जिला मंडल की पहली सामान्य सभा




**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसिएशन एआईपीएनबीओए बिलासपुर मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम सामान्य सभा सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मंडल सचिव गजानन राठौड़ ने संगठन की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि मंडल प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव ने अधिकारियों से बैंक के व्यवसाय विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमी वर्मा ने की। सभा के दौरान पंजाब नैशनल बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी पार्थो घोष एवं मनोरंजन परिडा को उनकी उत्कृष्ट, समर्पित एवं दीर्घकालीन बैंकिंग सेवाओं के लिए सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमी वर्मा, रूबी मंडल, अरविंद मिश्रा, अवनीश पांडेय, अमित कुमार, बीएम भारती सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, कैलाश अग्रवाल, पार्थो घोष, मनोरंजन परिडा आदि उपस्थित थे।

### रामलला दरबार के आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर श्रीराम श्रद्धा पदयात्रा 11 को

**बिलासपुर।** रामलला दरबार में चोरी करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर 11 जुलाई को श्रीराम श्रद्धा पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने शनिवार 11 जुलाई की दोपहर 3 बजे तिलक नगर हनुमान मंदिर से मां महामाया मंदिर तक श्रीराम श्रद्धा पदयात्रा निकालने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल, चुनावी उद्देश्य या वैचारिक प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था, श्रद्धा और सम्मान को समर्पित एक शांतिपूर्ण जनयात्रा है। भगवान श्रीराम पूरे राष्ट्र की आस्था के केंद्र हैं, इसलिए उनकी जन्मभूमि से जुड़ी ऐसी घटना पर प्रत्येक श्रद्धालु की पीड़ा स्वाभाविक है। उन्होंने शासन एवं संबंधित जांच एजेंसियों से मांग की है कि इस घटना की त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल की गरिमा और श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का साहस कोई न कर सके। जिले के सभी रामभक्तों, संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, युवाओं, मातृशक्ति एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस श्रद्धा पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें।

**रेत और सरिए की कीमतें भी बढ़ीं** | **मानसून के दौरान भवन निर्माण की रफ्तार इस बार आधी रह गई**

# अपना घर बनाना हुआ महंगा, सीमेंट 380 रुपए बोरी तक पहुंचा

**बिलासपुर।** मानसून के दौरान भवन निर्माण की रफ्तार इस बार आधी रह गई है, लेकिन निर्माण सामग्री की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सीमेंट, सरिया और रेत के दाम में अचानक आई तेजी से आम लोगों से लेकर बड़े बिल्डर तक परेशान हैं। पिछले साल बारिश के मौसम में 260 से 280 रुपए बोरी मिलने वाली सीमेंट अब 380 रुपए तक पहुंच गई है। जबकि ब्रांडेड सीमेंट 310 से 320 रुपए बोरी बिक रही है। मांग कम होने के बावजूद 8 एमएम सरिया 80 और 10 से 12 एमएम सरिया 91 रुपए किलो तक बिक रहा है।

इधर रेत की कीमतों में सबसे ज्यादा उछाल आया है। एक महीने पहले 10 से 11 हजार रुपए में मिलने वाली 600 फीट रेत अब 19 से 21 हजार रुपए तक पहुंच गई है। जबकि मीडियम और बारीक रेत 25 हजार रुपये तक बिक रही है। महंगी सामग्री और बारिश के कारण बिल्डरों ने कई प्रोजेक्ट की गति धीमी कर दी है। घर बनवा रहे लोग भी मजदूरों की संख्या घटाकर कीमत कम होने का इंतजार कर रहे हैं।







**फैक्ट फाइल**

| | | |
|---|---|---|
| 380 रुपए बोरी | - | सामान्य सीमेंट की अधिकतम कीमत |
| 310-320 रुपए बोरी | - | ब्रांडेड सीमेंट की मौजूदा कीमत |
| 260-280 रुपये बोरी | - | पिछले वर्ष बारिश के दौरान सीमेंट की कीमत |
| 80 रुपए किलो | - | 8 एमएम सरिया का भाव |
| 91 रुपए किलो | - | 10–12 एमएम सरिया का भाव |
| 19,000-21,000 रुपए | - | 600 फीट रेत (हाईवा) की मौजूदा कीमत |
| 25,000 रुपए | - | मीडियम और बारीक रेत की अधिकतम कीमत |
| 1,100-1,200 रुपए वर्गफीट | - | इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की ठेका लागत |

### सिंडीकेट और डंपिंग से बढ़ी रेत की कीमत

रेत आपूर्तिकर्ताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा डंप की अनुमति मिलने के बाद ठेकेदारों ने मनमानी शुरू कर दी है। डंप से एक गाड़ी लोड करने के लिए 5,000 से 6,000 रुपए तक अलग से वसूले जा रहे हैं। इसके बाद डीजल, मजदूरी और परिवहन खर्च जुड़ने से एक हाईवा रेत की कीमत 20 हजार रुपए तक पहुंच रही है। आपूर्तिकर्ताओं का दावा है कि नियमानुसार लोडिंग हो तो यही रेत 7,000 से 8,000 रुपए में उपलब्ध हो सकती है। लगातार बढ़ती कीमतों से छोटे मकान निर्माण प्रभावित हो रहे हैं।

### ठेके पर निर्माण भी महंगा

भवन निर्माण में मजदूरी का खर्च भी तेजी से बढ़ा है। लोग अब दैनिक मजदूरी की बजाय ठेके पर काम देना ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। केवल इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए ठेकेदार 1,100 से 1,200 रुपए प्रति वर्गफीट तक वसूल रहे हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक फिटिंग, सेनेटरी, टाइल्स और पीओपी के लिए 200 से 400 रुपए प्रति वर्गफीट अतिरिक्त देना पड़ रहा है। इस तरह सामान्य मकान निर्माण की कुल लागत 1,600 से 1,800 रुपए प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों का बजट बिगड़ रहा है।

### निर्माण लागत कम होना मुश्किल

बारिश के मौसम में काम अपने आप 40 से 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है, लेकिन इस बार निर्माण सामग्री की कीमतें लगातार बढ़ने से स्थिति और मुश्किल हो गई है। सबसे ज्यादा असर रेत की कीमतों ने डाला है। सीमेंट और सरिया भी महंगे हैं, इसलिए कई लोग नए मकान का काम फिलहाल टाल रहे हैं। जब तक सामग्री के दाम नियंत्रित नहीं होंगे, निर्माण लागत कम होना मुश्किल है।

**- राम सिंह साहू, भवन निर्माण ठेकेदार**

**राशनकार्डधारी किसी भी समय ले सकेंगे अपने कोटे का चावल**

# इसी महीने एटीएम से मिलने लगेगा चावल, सरकंडा से होगी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले का पहला चावल एटीएम सरकंडा में स्थापित होने जा रहा है। पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के सामने चावल एटीएम लगाने की प्रक्रिया चल रही है। जुलाई के अंत तक कार्डधारियों को एटीएम से चावल मिलने की सुविधा प्रारंभ हो जाएगी। राशन कार्डधारी चाहे शहर के किसी भी वार्ड में निवास कर रहे हों, या किसी भी राशन दुकान से खाद्यान्न का उठाव कर रहे हों, वे सभी सरकंडा स्थित चावल एटीएम से अपने कोटे का खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पास स्थापित होने वाले चावल एटीएम का संचालन महिला स्व सहायता समूह के द्वारा की जाएगी। हालांकि समूह के लोग मशीन में चावल की रिफिलिंग व कार्डधारियों की मदद के लिए रहेंगे, बाकी का सारा काम मशीन ही कर लेगी। शुरूआत में एटीएम मशीन बारह घंटे अपनी सेवा देगी, लेकिन विभागीय सूत्रों के अनुसार शासन इसे चौबीस घंटे सातो दिन की समयावधि में लागू करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार चावल एटीएम शहर में लाई जा चुकी है, जिसके इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर इंजीनियरों द्वारा पूरी कर ली जाएगी व इसी महीने से ही कार्डधारियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

### ऐसे काम करेगा चावल एटीएम

एटीएम से चावल लेने के लिए हितग्राहियों को किसी तरह का कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। सबसे पहले एटीएम मशीन में कार्डधारियों को अपना कार्ड नंबर डालना होगा। इसके बाद बायोमेट्रिक थंब लगाना होगा। कार्ड नंबर व बायोमेट्रिक थंब दर्ज करने के बाद मशीन खुद बता देगी कि हितग्राही खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए पात्र है या नहीं। अगर पात्र हुआ तो उसकी पात्रता अनुसार खाद्यान्न मशीन से निकल जाएगा।




### 2.7 मीट्रिक टन चावल की रिफिलिंग

एटीएम के भीतर एक बार में 2 7 मीट्रिक टन चावल की रिफिलिंग की जा सकेगी। इसके अलावा मशीन के आसपास ही गोदाम भी स्थापित किया जाएगा, जहां 5 सौ क्विंटल चावल का स्टॉक उपलब्ध होगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार शुरूआती दौर में फिलहाल शहर में चावल एटीएम की सुविधा प्रतिदिन बारह बारह घंटे देने की तैयारी है।

### देश में 27, छग में तीन मशीनें स्थापित

संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत चावल एटीएम की स्थापना देश में चार साल पहले की गई थी। आज की स्थिति में उत्तराखंड, उड़ीसा, मेघालय में चावल एटीएम स्थापित हैं। अब छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग में मशीनें स्थापित की जा रही हैं। वर्तमान में देश में कुल 27 चावल एटीएम काम कर रहे हैं।

### इसी माह से मिलेगा चावल

सरकंडा स्थित पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के आसपास चावल एटीएम स्थापित किया जा रहा है। इसी महीने से इसकी सुविधा प्राप्त हो सकेगी। शहर के किसी भी वार्ड के किसी भी राशन दुकान से खाद्यान्न उठाने वाले हितग्राही दिन के बारह घंटे यहां से खाद्यान्न उठा सकेंगे। मशीन का संचालन महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से कराया जाएगा।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

### शासन कभी भी प्रारंभ कर सकता है

बिलासपुर में हमारी ओर से चावल एटीएम दस दिनों के भीतर स्टॉलेशन कर हैंडओवर कर दिया जाएगा। शासन अपनी सुविधानुसार कभी भी प्रारंभ कर सकता है।

**-संदीप सकलानी,** प्रोग्राम पॉलिसी ऑफिसर संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम

## बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा ने किया टोनी एन गाई एसेंसुअल्स हेयर ड्रेसिंग सैलून का शुभारंभ

**बिजनेस प्लस**



**बिलासपुर।** शहर के ब्यूटी एवं ग्रूमिंग सेक्टर में शनिवार को एक नया अध्याय जुड़ गया, जब टोनी एन गाई एसेंसुअल्स हेयर ड्रेसिंग सैलून का भव्य शुभारंभ सत्यम चौक स्थित टोपाज़ होटल में किया गया। उद्घाटन अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर सैलून का उद्घाटन कर संस्थान के संचालक राजेश शाह और रोहन शाह एवं पूरी टीम को सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े लोग तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित अतिथि शामिल हुए। आकर्षक सजावट और भव्य आयोजन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने सैलून का अवलोकन यहां उपलब्ध आधुनिक हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर, नेल आर्ट, स्पा एवं प्रोफेशनल ब्यूटी सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। संचालक ने बताया कि सैलून में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम उत्पादों और ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां सभी आयु वर्ग के लिए विशेष सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने नई शुरुआत की सराहना करते हुए इसे बिलासपुर के ब्यूटी और लाइफस्टाइल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## जीडी गोयनका स्वास्थ्य सेवा अकादमी में युवाओं को मिलेगा कैरियर का अवसर

**एजुकेशन प्लस**



**बिलासपुर।** सीएमडी चौक में जीडी गोयनका स्वास्थ्य सेवा अकादमी का भव्य शुभारंभ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती पूजा विधानी, डॉ.संजय दुबे, एसपी चतुर्वेदी, श्रद्धा दुबे, अमन दुबे, रवि चतुर्वेदी, डॉ.संजय सिंह तथा जीडी गोयनका स्वास्थ्य सेवा की ओर से मनीष एवं अविकाश उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य एवं सहायक चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में जीडी गोयनका स्वास्थ्य सेवा अकादमी की स्थापना शहर एवं आसपास के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समर्पण एवं सेवा-भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अकादमी आधुनिक तकनीकों पर आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए तैयार करेगी। जीडी गोयनका स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योग आधारित अनुभव तथा रोजगार सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सफल पेशेवर के रूप में अपनी पहचान बना सकें। अमन दुबे ने कहा कि बिलासपुर एवं आसपास के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा शिक्षा के लिए बड़े शहरों पर निर्भर न रहना पड़े, इसी उद्देश्य से इस पहल को शहर तक लाया गया है। उन्होंने कहा कि अकादमी विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण एवं बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। समारोह के दौरान अकादमी के विभिन्न सहायक स्वास्थ्य सेवा पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण मॉडल, करियर अवसरों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

## प्राचार्य कल्याण संघ ने किया सेवानिवृत्त नवपदस्थ प्राचार्यों का अभिनंदन




**बिलासपुर।** प्राचार्य कल्याण संघ के तत्वावधान में सेवानिवृत्त प्राचार्यों के सम्मान एवं नवपदस्थ प्राचार्यों के स्वागत के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह में पूर्व संयुक्त संचालक आरपी आदित्य एवं वर्तमान संयुक्त संचालक अश्वनी भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साधना प्रधान, मीना सिंह, रजिया परवीन, पी नोन्हा, गोपाल ध्रुव एवं राघवेंद्र गौरहा ने स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष कामेश्वर बैरागी ने संघ की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते कहा कि सेवानिवृत्त प्राचार्यों का अनुभव और मार्गदर्शन संघ की अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र खोबरागड़े एवं श्रीमती गायत्री तिवारी ने किया। समारोह में वरिष्ठ प्राचार्य पी दासरथी, नीरजा श्रीवास्तव, जेके शास्त्री, संदीप चोपड़े, मनोज वैद्य, नरेंद्र राजपूत, प्रभास शांडिल्य, साधना जायस प्रधान, ज्योति तिर्की, शशि किरण किंडो, कावेरी वर्मा, कृपा गलोरिया एक्का, सुशीला केरकेट्टा एवं ममता मिश्रा सहित नवपदस्थ प्राचार्य भागबलि जोशी, रत्ना मिश्रा, संतोष चिंचोलकर, अल्का गौरहा, एसके बग्गा, वेद प्रकाश शुक्ला, आनंद पांडे, वंदना रणदीवे, अरविंद कौशिक एवं पार्थ भट्टाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ठाकुर ने किया।

### प्राथमिक कक्षाओं से योग अनिवार्य करने की मांग

**बिलासपुर।** प्राथमिक कक्षाओं से योग को अनिवार्य और शीघ्र अमल कराने का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा गया है। शहर में प्रथम यात्रा पर पहुंचे योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहां कि योग जीवन का अनिवार्य अंग है, योग से ही निरोग रहा जा सकता है। उन्होंने शुद्ध योग केंद्र का जायजा लिया। इस मौके पर शुद्ध योग केंद्र के छोटे बच्चों ने विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया, जिसमें आर्या विश्वकर्मा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आदी और डुग्गू अग्रवाल का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां के बच्चे राष्ट्रीय स्पर्धाओं तक पहुंचे रहे हैं, जो शहर के लिए गौरव की बात है। योग केंद्र के अन्य अनुदेशक राखी मानिकपुरी, श्वेता सुमन, मुनमुन केसरी और भूपेंद्र कर्ष ने श्री अग्रवाल का स्वागत किया। इस मौके पर मदन पाठक, मंजुलिका पाठक, सनी केसरी, अतुल खरे, अंकिता अग्रवाल, मेघा, आरती, एस राय सहित योग केंद्र के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रमन विवि में इंजीनियरिंग के आधुनिक पाठ्यक्रमों से तैयार हो रहे तकनीकी विशेषज्ञ





**बिलासपुर।** तेजी से बदलती तकनीक, उद्योगों की नई आवश्यकताओं और वैश्विक रोजगार बाजार को ध्यान में रखते हुए डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग शिक्षा को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया है।

विश्वविद्यालय में संचालित प्रत्येक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम वर्तमान और भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थी कुशल तकनीकी विशेषज्ञ, शोधकर्ता, नवप्रवर्तक और सफल उद्यमी बन रहे हैं। विश्वविद्यालय में बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में एम.टेक. डिजिटल कम्युनिकेशन, पावर सिस्टम, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, वीएलएसआई तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे विशेषज्ञता आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान, डिजाइन और नवाचार का प्रशिक्षण दिया जाता है। विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषता इसकी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं है। विभिन्न विभागों में आधुनिक मशीनें, सीएनसी उपकरण, सर्वेक्षण यंत्र, स्ट्रक्चरल टेस्टिंग लैब, इलेक्ट्रिकल मशीन लैब, पावर सिस्टम सिमुलेशन, माइक्रोप्रोसेसर एवं माइक्रोकंट्रोलर किट, पीएलसी सिस्टम, कम्युनिकेशन एवं नेटवर्किंग लैब, वीएलएसआई डिजाइन सॉफ्टवेयर, उच्च क्षमता वाले कंप्यूटर, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन उपकरण उपलब्ध हैं। इन प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग शिक्षा वैश्विक मानकों के अनुरूप दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सफल उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को हैंड्स ऑन प्रैक्टिकल की अनुभव के साथ विद्यार्थियों को भविष्य के लिये तैयार करना है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में धर्म रक्षा का संकल्प



**बिलासपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल का रविवार को देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री शाला परिसर में विराट त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 500 से अधिक बजरंगियों ने त्रिशूल धारण कर धर्म, राष्ट्र एवं समाज रक्षा का संकल्प लिया।

दीप प्रज्ज्वलन में मदकू द्वीप मठ से संत शिरोमणि रामरूप दास महाराज, तुरंगा आश्रम रायगढ़ के आचार्य राकेश महाराज, कार्यक्रम के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योगपति प्रवीण झा, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, प्रांत संयोजक शुभम नाग तथा जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री विश्वमोहन भट्ट ने कहा कि सनातन धर्म में ऐसा कोई देवी-देवता नहीं हैं, जिसके हाथ में शस्त्र न हो। शस्त्र केवल युद्ध का साधन नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति, मातृशक्ति एवं राष्ट्र की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया, लेकिन जब भी धर्म पर आघात हुआ, उन्होंने उसका डटकर प्रतिकार किया। राम जन्मभूमि आंदोलन, रामसेतु संरक्षण तथा हिन्दू समाज के अनेक आंदोलनों में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपना सर्वस्व समर्पित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्रिशूल किसी के प्रति आक्रामकता का नहीं, बल्कि मातृशक्ति की रक्षा, धर्म रक्षा एवं आत्मसम्मान की सुरक्षा का प्रतीक है। इस अवसर पर आचार्य राकेश महाराज ने कहा कि आज समय हिन्दू समाज के संगठन और धर्म रक्षा का है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बजरंगी को समाज की पीड़ा, धर्म की चिंता और राष्ट्र के गौरव के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठित एवं संस्कारित युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योगपति प्रवीण झा ने कहा कि संगठित समाज ही सुरक्षित समाज होता है। कार्यक्रम में आचार्य राकेश महाराज एवं प्रांत संयोजक शुभम नाग ने उपस्थित युवाओं को त्रिशूल दीक्षा प्रदान कर धर्म रक्षा, राष्ट्र सेवा एवं समाज जागरण का संकल्प दिलाया गया।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र का वितरण



**बिलासपुर।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था शोभा टाह फाउंडेशन एवं हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में श्रवण बाधित दिव्यांग जनों को निःशुल्क श्रवण यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन डीएसएस कॉम्प्लेक्स मुंगेली नाका में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद निर्धन लोगों को आधुनिक श्रवण यंत्र उपलब्ध कराकर उनके जीवन को अधिक सहज, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक बनाना था। लता सौमित्र गुप्ता के सौजन्य से पूर्व पंजीकृत श्रवण बाधित महिलाओं व पुरूषों को श्रवण यंत्र वितरण किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल टाह समाजसेवी लता सौमित्र गुप्ता, गुंजन अग्रवाल ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच थैरेपिस्ट की उपस्थिति में हुआ। उक्त कार्यक्रम में हरिहर के संयोजक भुवन वर्मा, सह संयोजक डॉ शंकर यादव, अध्यक्ष संजय वर्मा, संरक्षक मदन मोहन गुल्ला, किशोर दुबे, तारा साहू, शिव सारथी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आयोजन

## ग्राहक पंचायत ने मंगला में लोगों को किया जागरूक



**बिलासपुर।** ग्राहक पंचायत की सदस्यों द्वारा रीना झा के अगुवाई में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई द्वारा ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राहकों के अधिकार और उनकी कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर ठगी एवं उसकी निदान के बारे में भी जानकारी दी गई। खाद्य सामग्रियों में मिलावट की जांच कैसे किया जाए और मिलावट पाया गया तो उसका शिकायत किस प्रकार किया जाए उसकी जानकारी दिया गया। इसके अलावा ग्रीन पार्क कॉलोनी के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में ग्राहक पंचायत द्वारा वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रांत महिला प्रमुख सुनीता मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, संरक्षक सदस्य रामकली तिवारी, अन्नपूर्णा पवार, सरिता टंडन, तृप्ति गायकवाड, एकता पांडे, सुनीता वैष्णव, खुशी शर्मा, संध्या राव, पूजा राजपूत, संध्या दुबे, रीना झा, मंजू चतुर्वेदी, संगीता द्विवेदी, ललिता मार्स आदि और भी महिलाएं शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

एजुकेशन अपडेट

## अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की आवेदन अंतिम तिथि 12 तक बढ़ी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 12 जुलाई 2026 कर दी है। पहले आवेदन की




अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026 निर्धारित थी। योजना का उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को राज्य के चयनित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके तहत विद्यार्थियों की पढ़ाई का शुल्क, छात्रावास, भोजन, गणवेश, लेखन सामग्री तथा अन्य आवश्यक खर्च का पूरा वहन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा किया जाता है। मंडल ने अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से आवेदन की समय-सीमा बढ़ाई है। सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने पात्र बच्चों का आवेदन 12 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से करें। इच्छुक आवेदक श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

हेल्थ प्लस

## फिटनेस से लेकर स्किन केयर तक बढ़ती उम्र में बेस्ट है ये मॉर्निंग रूटीन

**बिलासपुर।** क्या आपकी उम्र 30 होने जा रही है? अगर हां, तो अभी से ही सेहत का ख्याल रखना शुरू कर दीजिए। आपको कुछ ऐसे मॉर्निंग रूटीन के बारे में जानना चाहिए, जिससे आपको लंबे वक्त तक जवां रहने में मदद मिलेगी। जैसे जैसे उम्र बढती है, वैसे



वैसे हेल्थ डाउन होने लगता है। खासकर महिलाओं के साथ ऐसा होना आम है।जैसे ही आप 30 की उम्र पार करती हैं आपको अपने शरीर और सेहत पर थोड़ा और ध्यान देना चाहिए। इस उम्र में हार्मोनल बदलाव , मेटाबॉलिज्म का धीमा होना, स्किन और बालों से जुड़ी समस्याएं आम हो जाती हैं। अगर आप भी 30 पार करने वाली हैं, तो आपको एक्सपर्ट के बताए कुछ खास मॉर्निंग रूटीन पर अमल करना चाहिए, जिससे आपको फायदा होगा। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट आइना सिंघल ने जानकारी साझा की है। 30+ महिलाओं के लिए ये मॉर्निंग रूटीन बेस्ट है। हर सुबह एक ही समय पर दिन की शुरुआत करना आपके समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। सुबह 5:30 या 6:00 बजे के आसपास जल्दी उठने का लक्ष्य रखें, ताकि खुद को आने वाले दिन के लिए तैयार होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

# आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 से, 8 दिन में बनेंगे 6 शुभसंयोग

आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि इस बार बेहद खास होने जा रही है। पंडित ने अवधेश मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार, इस बार नबरात्र 15 से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेगी। चतुर्थी तिथि का क्षय होने के कारण इस बार नवरात्रि 9 के बजाय केवल 8 दिनों की होगी, लेकिन इस अवधि में बनने वाले 6 शुभ संयोग इसकी महत्ता को कई गुना बढ़ रही हैं।

साधकों के लिए यह समय तंत्र-मंत्र और आत्मिक साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। तिथियों का गणित और 6 शुभ संयोग आएंगे, इस बार प्रतिपदा से नवमी तक का क्रम तो रहेगा, लेकिन चतुर्थी तिथि घटने (क्षय होने) के कारण पूजा के लिए 8 दिन ही मिलेंगे। 17 जुलाई को तृतीया और चतुर्थी तिथि का संयुक्त पूजन एक ही दिन किया जाएगा।

**बिलासपुर।** मंदिर के पूजारीयों ने बताया कि पूरी नवरात्रि में यहां शतचंडी यज्ञ किया जाएगा। माताजी का विशेष श्रृंगार, हर शाम महाआरती और रात में मंत्र-जप व शक्ति साधना के विशेष प्रबंध रहेंगे। नियमित आरती और दिव्य श्रृंगार के साथ कई भक्त यहां दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। मंदिर में प्रतिदिन विशेष देवी पूजन, महाआरती और मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा।





### 15 को दुर्लभ संयोग व 22 को अबुझ मुहुर्त

सर्वार्थ सिद्धि योग अमृत सिद्धि योग पुष्य नक्षत्र स्थिर राशि में चंद्रमा (ये चारों संयोग 15 जुलाई को पहले दिन ही रहेंगे) चतुर्थी तिथि का क्षय (17 जुलाई) को होगा। गुप्त नवरात्रि का समापन 22 जुलाई को भड़ली नवमी पर होगा। पंचांग में इसे अबूझ मुहूर्त माना गया है। इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन और अन्य सभी मांगलिक कार्यों के लिए अलग से पंचांग या मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती।



### मंदिरों में अनुष्ठान, दशमहाविद्या साधना

सामान्य नवरात्रि की तुलना में गुप्त नवरात्रि में बाहरी उत्सव के बजाय मानसिक जप और रात्रि साधना का महत्व अधिक होता है। इसमें मां दुर्गा के 10 रूपों- काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला (दशमहाविद्या) की आराधना की जाती है।

## स्वतंत्रता सेनानियों को किया गया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन के आह्वान पर रविवार को जिले के सेनानी उत्तराधिकारियों ने प्रतिमाह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम कार्यक्रम के तहत अपने पूर्वजों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. स्वराज प्रसाद त्रिवेदी (106वीं जयंती), स्व. पं. कुंज बिहारी चौबे (121वीं जयंती) तथा स्व. राम चरण साहू के व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी तथा प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल के निर्देशानुसार देशभर में यह कार्यक्रम प्रतिमाह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर में भी प्रत्येक माह किसी न किसी सेनानी परिवार के निवास पर यह आयोजन किया जाएगा। बैठक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों को अन्य राज्यों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराने, राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण, जनसेवा, शिक्षा, पौधरोपण तथा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नगर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा पुराने बस स्टैंड से शिव टॉकीज मार्ग स्थित नव निर्मित उद्यान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन परिचय एवं नाम पट्टिका लगाए जाने की पहल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बाबा राव, वाणी राव, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ उषा किरण बाजपेयी, इंदर टहलियानी, अनिल तिवारी, शिवा मिश्रा, डॉ शिवनाथ श्रीवास, रमेश श्रीवास, अशोक रंजन वर्मा, राजेश जैन, ध्रुव कुमार भांगे, आशीष खंडेलवाल,डॉ आशुतोष तिवारी, राजकुमार साहू, आर के साहू, किशन यादव, रामनारायण पटेल सहित बड़ी संख्या में सेनानी परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन चन्द्र प्रकाश बाजपेयी एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि जितपुरे ने किया।

## युवाओं में बढ़ रहा लोकल विदेशी भाषाएं सीखने का क्रेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विदेशी भाषा सीखना पर्सनालिटी व कॅरियर दोनों की दृष्टि से युवाओं में काफी ट्रेंड कर रहा है। इसके लिए वे लोकल व विदेशी भाषा बोलना सीख रहे हैं। वे लैंग्वेज लर्निंग क्लासेस के साथ-साथ संस्थानों से लैंग्वेज में डिप्लोमा कोर्सेस भी कर रहे हैं। लोकल व विदेशी भाषाओं को सीखना खासतौर पर उन लोगों के लिए कॅरियर की नई उड़ान भरने का मौका है, जो विदेश या इंटरस्टेट पढ़ाई, नौकरी या टूर आदि के लिए जाना चाहते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां, ट्रैवल्स कंपनियां, पांच सितारा होटल और आईटी कंपनियां विदेशी भाषा के अच्छे जानकार युवाओं की खोज में हैं। एमबीए और बीबीए की पढ़ाई कराने वाले संस्थानों में भी छात्रों को एक विदेशी भाषा सिखाने का प्रचलन जोरों पर है। इनमें फ्रेंच, स्पैनिश, इटेलियन, जर्मन, रश्यिन, जैपनीज और कोरियन जैसी भाषाएं प्रमुख हैं। वहीं, रीजनल लैंग्वेज में बात करें तो मराठी, गुजराती, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, तमिल जैसी भाषाओं को लेकर भी डिमांड है। इस क्षेत्र में रोजगार की कोई कमी नहीं है। विदेशी भाषाओं में कोर्स करने के बाद हेल्थकेयर, शिक्षा, टूरिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, दूतावासों एवं देश के विभिन्न संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। पर्यटन, होटल, इंटरनेशनल मीडिया हाउस में न्यूज ट्रांसलेटर व बतौर रिपोर्टर भी कार्य कर सकते हैं। लेकिन, इससे भी अलग है कि अब ऑनलाइन यानी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होने वाली बैठकों में भी विदेशी व रिजीनल भाषाओं के जानकारों की प्लेसमेंट तेजी से बढ़ रही है।

### बेहतर कम्युनिकेशन के लिए जरूरी स्किल

विदेशी भाषा पर कमांड और बेहतर कम्युनिकेशन स्किल इस क्षेत्र में कामयाबी के कई रास्ते दिखाती है। अगर अनुवादक बनना चाहते हैं तो विदेशी भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी या हिंदी पर भी पकड़ होनी चाहिए। साथ ही उसका व्याकरण संरचना और उससे जुड़ी संस्कृति व इतिहास की भी जानकारी होनी चाहिए। स्कूली शिक्षा के दौरान कोई एक देशी या विदेशी भाषा एक विषय के रूप में पढ़ सकते हैं। 12वीं के बाद आप डिग्री डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं, जो कि 6 से 12 या 18 माह के कोर्सेस हो सकते हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों से पार्ट टाइम या फुल टाइम सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं।

## इनर व्हील क्लब ट्रांस अरपा के इंस्टॉलेशन समारोह में चिकित्सकों का सम्मान




**बिलासपुर।** इनर व्हील क्लब ट्रांस अरपा का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में क्लब की नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर लगातार दूसरी बार नीता माहेश्वरी ने क्लब अध्यक्ष का पदभार संभाला। ज्योति गुप्ता सचिव, दीपाली दुआ कोषाध्यक्ष, रीमा गुप्ता आईएसओ तथा प्राची साव क्लब एडिटर नियुक्त की गईं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण डॉक्टर्स डे का आयोजन रहा। इस अवसर पर समाज सेवा एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्लब के चिकित्सकों डॉ अंतरा चंद्राकर, डॉ प्रेरणा मोहन, डॉ प्रकृति वर्मा, डॉ अनुभूति प्रजापति, डॉ गरिमा तिवारी एवं डॉ तृप्ति भंडारी का सम्मान कर उन्हें उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। समारोह में सुस्मीत कौर, ऋचा जायसवाल, संयोगिता सिंह, सुदीप्ता, अर्चना केडिया की उपस्थित रहीं।

स्क्रीन एडिक्शन पर विशेषज्ञों की सलाह

## स्कूली बच्चों को बाहर निकालने मोबाइल पर होमवर्क न दें टीचर

**बिलासपुर।** बच्चों के लिए मोबाइल स्क्रीन की लत बिल्कुल ड्रग्स एडिक्शन यानी नशीली दवाओं की तरह होती है, जो दिमाग पर पूरी तरह काबू कर लेती है और फिर इनके आवरण से बच्चे खुद को बाहर निकाल ही नहीं पाते। वर्तमान समय में बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसकी वजह स्क्रीन बेस्ड स्टडी और मनोरंजन है, जिससे धीरे-धीरे बच्चे इस लत की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं। वर्तमान में क्लीनिक में जो टीन एज स्क्रीन एडिक्शन के मामले आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर पैरेंट्स की प्रॉब्लम रहती है कि उनके बच्चे रात-रातभर घंटों मोबाइल गेम खेलते रहते हैं, मना करने पर अत्याधिक गुस्सा करते हैं, और तो और, स्कूल नहीं जाने की जिद पकड़ लेते हैं। मनोरोग विशेषज्ञ का कहना है कि स्क्रीन एडिक्शन के जो केसेस देखने को मिल रहे हैं, उनमें पैरेंट्स बच्चों के स्क्रीन एडिक्शन पर बहुत ज्यादा देर से रिएक्ट कर रहे हैं। जब बच्चों का व्यवहार परेशानी का सबब बनने लगा है।



कार्नर न्यूज

8 हजार 514 अभ्यर्थियों में से 6 हजार 88 परीक्षार्थियों ने दिया एग्जाम

# सब ऑडिटर पदों पर भर्ती के लिए व्यापमं ने ली परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




व्यापम द्वारा सब ऑडिटर पदों पर भर्ती के लिए रविवार को परीक्षा का आयोजन किया, इस परीक्षा के लिए शहर में 26 केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें परीक्षा का आयोजन किया गया, परीक्षा में 8 हजार 514 अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था, जबकि 6 हजार 88 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दिलवाई। 2 हजार 426 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात और परीक्षा केंद्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं।

परीक्षार्थियों ने बताया कि सब ऑडिटर पदों निकली भर्ती का पेपर कठिन रहा,एकाउंट के प्रश्नों ने परेशान किया। प्रश्नपत्र में राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण बैंक के कार्य,सिन्थेटिक इकनॉमिक्स के लेखक, छत्तीसगढ में कृषि उपज मंडी संशोधन अधीनियम व प्रबंध की मूल प्रक्रियाओं सबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। बतादें की परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नोडल अधिकारी नारायण गबेल ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुईं। अब परीक्षार्थियों को परिणाम घोषित होने का इंतजार रहेगा। सब ऑडिटर पदों पर भर्ती के लिए प्रदेश भर से अभ्यर्थियों ने आवेदन भरे थे। जिसमें महज 69 युवाओं का चयन इस पदों पर होना है, जिन अभ्यर्थियों ने कड़ी मेहनत की होगी उन्हीं का चयन इसमें होगा।



### परीक्षा केन्द्रों में छूटते ही यातायात बाधित

परीक्षा दोपहर की पहली पारी की परीक्षा समाप्त होते ही करीब परीक्षार्थी के अलावा उनके परिजन अचानक सड़कों पर आने पर जाम लग गया। जीडीसी कॉलेज के मुख्य मार्ग में वाहनों की कतार लगी रही। अकसर परीक्षा खत्म होते ही यातायात बाधित हो जाता है, इस दौरान ट्रैफिक पुलिस किसी भी केन्द्रों में नजर नहीं आती है।

## मौसम हुआ सुहाना, तापमान में आई गिरावट

# झमाझम बारिश से किसानों को मिली राहत



झमाझम बारिश से सूनी सड़कें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

सेतगंगा क्षेत्र में लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को रविवार को झमाझम बारिश से राहत मिली है। तेज बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है और तापमान में गिरावट आ गई। बारिश से जहां आम लोगों ने राहत की सांस ली, वही कृषकों के चेहरे खिल उठे कृषकों के अनुसार यह बारिश खरीफ फसलों की बुवाई के लिए काफी लाभदायक साबित होगा।

खेतो में नमी आने से धान सहित अन्य फसलों की तैयारी तेज हो जाएगी। किसान नीरज केशरवानी, ध्वजा यादव, मनोहर गवेल, सेवप्रकाश साहू, अनीश सैमुयल ने बताया कि लगातार पढ़ रही गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। लोगों को काफी राहत पहुंची। हालांकि बारिश के दौरान बहुत सारे स्थान में जल भरा और रास्ते में कीचड़ होने की समस्या देखने को मिली। बारिश होने के साथ ही क्षेत्र में 4 घंटे बिजली बंद रही। क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायत में वर्षा ऋतु के पूर्व नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से नालियों में जाम पड़ गई है ग्रामीण नमक लाल भास्कर, हीरा सिंह कश्यप, केशव सिंह परिहार, अनीष सैमुअल, मुन्ना टोण्डर, राधे टोण्डर, कैलाश सिंह साहू और सभी किसान ने प्रशासन से ग्रामीण बारिश को देखते हुए क्षेत्र के 20 से 25 ग्राम पंचायत में जल भराव की समस्या दुरुस्त करने की मांग की है।

## मल्हार के साप्ताहिक बाजार में जलभराव और कीचड़

**मल्हार।** नगर के मेला चौक स्थित साप्ताहिक और दैनिक हटरी बाजार में बारिश का मौसम आते ही भारी कीचड़,बदबू और जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। रविवार की शाम बारिस के बाद बाजार में लोगो को सब्जी खरीदने भारी मशक्कत करना पड़ गया। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नाली से पानी की निकासी और मिट्टी-गिट्टी डलवाने की कोई व्यवस्था न किए जाने से लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पडता ह है। बुधवारी साप्ताहिक बाजार का भी बुरा हाल है,जलभराव से पैदल चलना भी दूभर हो जाता है।



## बाढ़ से निबटने प्रशासन मुस्तैद

**मुंगेली।** वर्षा ऋतु एवं संभावित बाढ़ की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बाढ़ प्रबंधन, राहत एवं बचाव, स्वास्थ्य, पेयजल, खाद्यान्न, कृषि, सड़क सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी संभावित स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहें।





बैठक में शामिल संस्कृत भारती के कार्यकर्ता।

## संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

संस्कृत भारती, छत्तीसगढ़ की मुंगेली इकाई की वार्षिक बैठक में जिले के संस्कृतप्रेमी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न दायित्वधारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक का मार्गदर्शन प्रांत कुटुम्ब प्रमुख दामोदर सोनी ने किया। इस अवसर पर विभाग संयोजक संदीप कुमार, जनपद मंत्री डॉ. रामबाबू मिश्र, बस्ती प्रमुख विजय कुमार पैंकरा, वीरबल कुमार सोनकर, सुकुली प्रमुख रामनिवास राठौर, दीपक कुमार तिवारी, काली मंदिर वार्ड बस्ती प्रमुख बुद्धेश्वर प्रसाद उपाध्याय, समाजसेवी श्रीराम सिंह परिहार, हथनीकला ठाकुर पीताम्बर सिंह ठाकुर तथा समाजसेवी आकाश सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संस्कृत भारती के आगामी वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, संस्कृत संभाषण वर्गों के विस्तार, नवीन कार्यकर्ताओं के निर्माण, सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने तथा जिले में संस्कृत भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक ग्राम एवं नगर तक संस्कृत की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाने के उद्देश्य से अधिकाधिक संस्कृत संभाषण वर्ग आयोजित किए जाएंगे तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को संस्कृत भारती के विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा संस्कृत भाषा के संवर्धन एवं प्रसार के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## शतरंज स्पर्धा में अमृतेश, सृष्टि विजेता, अंशुल, उर्वी उपविजेता



**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय बालक बालिका जूनियर वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 5 जुलाई दिन रविवार को द स्कॉलर्स सिग्नेचर स्कूल में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में जिले से कुल 24 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप से डायरेक्टर, द स्कॉलर्स सिग्नेचर स्कूल सावन कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि सवीता सोनी एवं चेयरमेन मुंगेली जिला शतरंज संघ विजय वर्मा, कोषाध्यक्ष मुंगेली जिला शतरंज संघ सूर्यकान्त शर्मा एवं जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर ओमप्रकाश वन्दे, डिप्टी चीफ ऑर्बिटर मनोज कुमार साहू एवं आर्बिट राजेश पाटले थे। स्पर्धा 5 चक्रो में आयोजित की गई। जिसमें अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमृतेश उपाध्याय, द्वितीय स्थान अंशुल शर्मा, तृतीय स्थान ईशांत पटेल, चतुर्थ स्थान सिद्धेश उइके, पांचवां स्थान-अमन कुमार मिरी, छठवां स्थान गीतांश साहू एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सृष्टि गुप्ता, द्वितीय स्थान उर्वी गुप्ता, तृतीय स्थान सौम्या सिंह राजपूत, चतुर्थ संजीवनी कुर्रे, पांचवां स्थान आदिति कोशले, छठवा स्थान वांशी ध्रुव रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक



**मस्तूरी।**-छ.ग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मस्तूरी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय मस्तूरी में आयोजित किया गया। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया और अधिक से अधिक पेंशनर्स साथियों को सदस्यता दिलाने, जांजगीर खोखरा में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में दिए निर्देश अनुसार राजनेताओं को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पेंशनर्स तहसील शाखा के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सुमन, जिला संयोजक आर आर यादव, तहसील संयोजक रामकिशुन राठौर, जमुना किशोर शर्मा, गोवर्धन प्रसाद साहू, समय लाल पोर्ते,महेश्वर प्रसाद तिवारी, विजय कुमार श्रीवास, अमरसिंह पटेल सहित अन्य पेन्शनर साथी उपस्थित रहे।

## एसबीआई के व्यापारी सम्मेलन दी गई लोन की जानकारी

**तखतपुर।** वर्तमान में बैंकिंग कार्य डिजिटल होने लगा है जिसके चलते अब ट्रांजेक्शन के आधार पर महज 59 मिनट में लोन की प्रक्रिया पूरी कर एक करोड़ रूपए तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है। यह महत्तवपूर्ण जानकारी एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक शेखर प्रेम ने नगर में आयोजित व्यापारिक सम्मेलन के दौरान दी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक स्वर्ण कमल ने बताया कि अब व्यापारी बिना किसी मार्गेज के केवल अपने इनकम टैक्स रिटर्न या जीएसटी ट्रांजेक्शन के आधार पर बैंक से आसानी से लोन ले सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन व्यापारियों का करंट एकाउंट पहले से लिमिट है उनके ट्रांजेक्शन के आधार पर बैंक द्वारा 20 प्रतिशत तक अधिक लोन दिया जा रहा है। इसके आलावा गुंजन शर्मा ने बैंक में चल रही विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें सूर्यशक्ति सोलर फाइनेंस, व्यापार हेतु एसएमई कार लोन, इलेक्ट्रॉनिक डीलर फाइनेंस, डिजिटल लोन- बीआरई जैसे प्रमुख उत्पादों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापारी महासंघ अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि स्टेट बैंक द्वारा व्यापारियों को इस तरह का सुविधा देना व्यापार को बढ़ाने और बैंकिंग कार्य में विश्वसनीता लाता है। लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने बैंक के कार्यो की प्रशंसा की। व्यावसायी टेकचंद कारड़ा ने पिछले कुछ समय में बैंक के द्वारा नगर में दी गई सुविधाओं और तत्काल ऋण उपलब्धता के साथ बताया कि बैंक के द्वारा जो ऋण दिया जाता है उसे व्यापारियों को सही उपयोग कर अपने व्यापार को आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर व्यापारियों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की दी गई जानकारी सम्मेलन में स्थानीय शाखा के मुख्य प्रबंधक पवन पोद्दार, संबंध प्रबंधक रमेश कुमार, प्रवीण कुमार सोनी, अभिनव कुमार, गुंजन शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी चंद्रेशेखर पाण्डेय नेहा वैष्णव, चंचल कारड़ा, आनंद अग्रवाल, करमचंद टेकवानी, हमजा भारमल, राम गुप्ता, आयुष अग्रवाल, अतुल गुप्ता, मोहम्मद जाकिर, सागर अग्रवाल, शत्रुहन कुमार, प्रकाश देवांगन, अवधेश कुमार गुप्ता, अक्षत अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह, विनेश सिंह, रज्जन ताम्रकार, विरेंद्र देवांगन, संजय कौशिक, प्रिंकु अग्रवाल, गजेंद्र खनुजा सहित अन्य जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## रिवापर में गौ ग्राम जन जागरण अभियान का शुभारंभ



**मुंगेली।** ग्राम रिवापर में गौ ग्राम जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेषर पटेल, मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, जीवन पटेल, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा गौशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा गौ पूजन एवं गोशाला भ्रमण किया गया।

## बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, परिसर में जलभराव और भवन में सीपेज समस्या दुरूस्त करने के निर्देश

**लोरमी।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति तथा विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कुल 420 विद्यार्थियों में से 321 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए, जबकि प्राथमिक शाला लालपुर में 46 में से 39 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दोनों विद्यालयों में सभी शिक्षक उपस्थित मिले।अधिकारी ने स्कूल परिसर में जलभराव और भवन में सीपेज की समस्या के निदान व मरम्मत के लिए पत्र लिखा। । विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस संबंध में आवश्यक पत्र भी जारी किया। बीईओ मनीषा पाटले ने बताया कि भवन की मरम्मत के लिए एसडीईओ को आवश्यक रिपेयर कराने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि संबंधित निर्माण एजेंसी से भी मरम्मत कार्य कराने की बात कही गई है ताकि भवन को शीघ्र सुरक्षित बनाया जा सके। गौरतलब है,की जून माह में ही इस नए भवन में आत्मानन्द स्कूल शिफ्ट किया गया है,अब बारिश का पानी परिसर एवं भवन में सीपेज से हड़कंप मच गया है। इस दौरान अधिकारियों को ग्राम सरपंच ने भी विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या से अवगत कराया।



## विद्यार्थी परिषद ने किया नई टीम का गठन



**सेतगंगा/मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फास्टरपुर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में रोहित गबेल को नगर अध्यक्ष तथा विकास खांडे को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं शिवरानी साहू, केशरवानी, भोलेश्वर शर्मा एवं संदीप साहू को नगर सहमंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त पंकज भास्कर को महाविद्यालय प्रमुख, रोशन साहू को कोषाध्यक्ष, पूजा साहू को त्व्रड संयोजक, महेश दिवाकर को खेलो भारत प्रमुख, विशाल टंडन को कार्यालय मंत्री, प्रतीक शर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, बाबू ठाकुर को विद्यालय प्रमुख तथा सिद्धार्थ शर्मा को विद्यालय सह प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

## पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता



बैठक लेते सीएमएचओ।

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री राहत योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों, हॉस्पिटल कंसल्टेंट एवं आयुष्मान ऑपरेटरों के लिए बैठक-सह-प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. शीला साहा ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को बिना आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी संचालन, आयुष्मान भारत योजना के क्लेम की समयबद्ध ब्लॉकिंग एवं प्रसंस्करण तथा पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साहा ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर उपचार और योजनाओं का लाभ दिलाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी चिकित्सकों, हॉस्पिटल कंसल्टेंट एवं आयुष्मान ऑपरेटरों को आवश्यक दस्तावेजों का समय पर संधारण, क्लेम की त्वरित प्रक्रिया पूर्ण करने तथा आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत क्लेम प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो, इसके लिए अस्पताल स्तर पर नियमित निगरानी और बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। इससे मरीजों को शीघ्र उपचार का लाभ मिलेगा तथा अस्पतालों में क्लेम निपटान की प्रक्रिया भी अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. संदीप पाटिल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिव पाल सिंह सिदार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डे, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नारायण देव साहू, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत विनय मिश्रा सहित जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक, हॉस्पिटल कंसल्टेंट एवं आयुष्मान ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## डा. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक

■ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा की बैठक

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पक्ष पर जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

बैठक के मुख्यवक्ता विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा विशेष अतिथि जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे रहे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा, संतोष साहू, शिव प्रताप सिंह, राणा प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने दिया। उन्होंने संगठनात्मक विषयों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए शक्ति केंद्रों, बूथ समितियों एवं पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों से संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्राप्त कर लंबित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहकर कार्य करने, सरल ऐप एवं डीएलपी (डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म) के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने तथा आगामी बैठकों से पूर्व शक्ति केंद्र एवं बूथ समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्ता का रास्ता संगठन से होकर गुजरता है, जिसके लिए सतत परिश्रम और निरंतर संगठनात्मक सक्रियता आवश्यक है। मुख्य वक्ता विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, दूरदर्शी राजनेता एवं राष्ट्रीय एकता के पुरोधा थे। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के दृष्टा थे। उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने चित्तरंजन लोकोमोटिव सहित अनेक औद्योगिक परियोजनाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अखंड भारत के संकल्प को लेकर उनका संघर्ष देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्पष्ट विश्वास था कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी मातृभूमि है। उनके राष्ट्रवादी विचार आज भी देश के युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते श्री मोहले।

### दी गई श्रद्धांजलि

बैठक के अंत में पूर्व सांसद लखनलाल साहू के बड़े भ्राता स्वर्गीय डॉ. शोभाराम साहू, पूर्व पार्षद राजकुमार वाधवा के पिता स्वर्गीय श्रीराम वाधवा तथा स्वर्गीय रोहित साहू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, सुनील पाठक, एल्डरमेन संजय वर्मा, अमितेश आर्य,राजहंस तम्बोली, मानिक सोनवानी, शिवकुमार बंजारा, रिंकू सिंह, पंकज वर्मा, सोम वैष्णव, अंजना देवी दास, रितिमा लाल, सावित्री राजपूत, पूजा, कमल कौशिक, अनीता साहू, रजनी, सरस्वती सोनी, यशोदा यादव, अंजना बंजारा, अर्चना बंजारे, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, नागेश्वर जायसवाल, राजेश्वर सिंह टंडन, मन्नूलाल श्रीवास्तव, जीवन पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ड्राइंग कॉम्पिटिशन में पूर्वजा ने मारी बाजी

**मुंगेली।** नगर की छात्रा ने नेशनल ड्राइंग कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान पाकर जिले को गौरवान्वित किया। पूर्वजा जायसवाल ने पूर्व में जिला एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाकर नेशनल में स्थान बनाया था। वे सचिन जायसवाल की पुत्री एवं कांग्रेस नेता श्याम जायसवाल की नातिन हैं।

### कंतेली स्थित 32 एकड़ भूमि की नीलामी 10 को

**मुंगेली।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंतेली में स्थित 32 एकड़ भूमि को 3 वर्ष कृषि कार्य में दिए जाने हेतु 10 जुलाई शुक्रवार जनपद सभाकक्ष में नीलामी रखी गई है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एपी घोसले ने बताया कि जनपद के स्वामित्व वाली ग्राम कंतेली में 32 एकड़ भूमि को कृषि कार्य के लिए 3 वर्ष की अवधि में देने के लिए निर्णय लिया गया है। उक्त संबंध में जनपद पंचायत सभाकक्ष में नीलामी रखी गई है।

### निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आज

**लोरमी।** विकास खंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार को साहू धर्मशाला नहर रोड लोरमी में किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय अखरार द्वारा किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर अपर्णा मिश्रा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर यामिनी शर्मा मुंगेली, डॉक्टर ज्योति कौशिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### किशन वर्मा



**बिलासपुर।** डिप्टी रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय किशन वर्मा का 5 जुलाई को देहावसान हो गया। वे कमल वर्मा, सहायक अनुभाग अधिकारी उच्च न्यायालय के बड़े भ्राता एवं सुयश तथा समीक्षा वर्मा के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 6 जुलाई को उनके निवास स्थान F1/1, मीना बाजार, मुंगेली नाका से सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### लालमन साहू



**बिलासपुर।** साहू विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य लालमन साहू का 72 वर्ष की आयु में 5 जुलाई को निधन हो गया। वे ताराचंद साहू के चाचा, शीतल साहू एवं योगेश साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 6 जुलाई को प्रातः 9 बजे निवास स्थान कुदूदंड से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### धनमत बाई तम्बोली



**मुंगेली।** बड़ा बाजार निवासी श्रीमती धनमत बाई तम्बोली पति गणेश तंबोली का 4 जुलाई को निधन हो गया। वे अनिल तंबोली की माता, अशोक, किशोर, मनोज, धर्मेंद्र, तम्बोली की भाभी एवं सुनील तम्बोली बाबा की चाची थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई को बुधवारी बाजार स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया।

## नेवता भोज में शामिल हुई जनपद अध्यक्ष



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन सुनील कश्यप ने कराया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य कुंती उदय जायसवाल रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने बच्चों को पढ़ाई लिखाई से संबंधित छोटी-छोटी बातें बताई एवं शासन के योजनाओं का लाभ उठाने अपील की। इस कार्यक्रम में महेत्तर कश्यप, विजय निषाद, राजकुमार अनंत, मदन ध्रुव, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, दामोदर पांडे, बीईओ मनीषा पाटले, सुनील शर्मा, एपीसी लेखराम साहू, तीरथ बड़गइया, दीपक ध्रुव, रामकुमार साहू, आत्माराम कश्यप, आरती गुप्ता, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, पुष्पा चतुर्वेदी, उमाशंकर सिंह, ललिता शर्मा, स्मिता क्षत्रिय, स्वतंत्र ध्रुव, गौकरण , संतोष साहू, इतवारी साहू आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा ही जीवन में सफलता की असली कुंजी



**रतनपुर।** नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला, बड़ी बाजार में गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालय पहुंचे नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद मनोज पाटले एवं सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वार्ड पार्षद मनोज पाटले ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है। सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और परिश्रम का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिका सुरेखा कौशिक, संध्या दुबे एवं तंबोली मैडम ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## सफलता की सबसे बड़ी ताकत है शिक्षा



**सीपत।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में गुरुवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पूरे विद्यालय परिसर में नए शैक्षणिक सत्र की खुशियां देखने को मिलीं।

इस अवसर पर छात्राओं को नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, ताकि वे नए सत्र की शुरुआत पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना समाज और शासन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्यवर्धन कौशिक, जनपद सदस्य मनोज खरे, यूके कौशिक (एसएमडीसी अध्यक्ष), ध्रुव शंकर शुक्ला, मंजू मिश्रा, प्राचार्य अनीता कुजूर, व्याख्याता शीला राव, गीता प्रजापति, प्रतिमा आदित्य, श्री मरावी, शैलेश पाठक, रामकिशन सूर्यवंशी, आदि उपस्थित रहे।

## खपरी के स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**मल्हार।** मल्हार क्षेत्र के सुदूर अंचल के ग्राम खपरी में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित हुआ। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं मिठाई से आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अनिल वर्मा, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका सुशीला सूर्यवंशी, उपसरपंच हरिकांत, पंच अजित सोनी, सुमित पटेल, विजय सोनी, युवा कार्यकर्ता भूपेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को किया लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कार्यक्रम में उपस्थित पुस्तकों के साथ विद्यार्थी।

विकासखंड मुंगेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चकरभाठा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि जिले ने हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने और शिक्षा को सफलता का सबसे सशक्त माध्यम बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए 171 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए गए हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम आज जिले के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के रूप में सामने आया है। वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, एसडीएम अजय शतरंज, जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, प्राचार्य सौखी लाल पंकज, सरपंच सुरजा पठारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बिटकुली स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बिल्हा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुली विकासखंड बिल्हा में 4 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ । नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत गुलाल, तिलक के साथ माला पहना कर किया गया तथा उन्हें निशुल्क पुस्तके और उपहार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति से रामखेलावन नवरंग, प्रेम मधुकर, सरपंच प्रमिला मधुकर , मोहन फ़र्वी ,प्राचार्य रविशंकर शर्मा ,प्रवेश प्रभारी दिलहरण लाल यादव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अतिथियों ने छात्रों को नियमित स्कूल आने,सकरात्मक विचार अपनाने और कडी मेहनत से उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकांत तिवारी द्वारा किया गया ।

## पंधी प्राथमिक शाला में बच्चों को दिए गए गिफ्ट



**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला चारपारा पंधी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेजेस पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा, विशिष्ट अतिथि सरपंच वीरेंद्र साहू एवं संकुल समन्वयक धर्मेंद्र प्रकाश गौरहा समेत एमसी के सदस्य व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया एवं पुस्तक व यूनिफार्म का वितरण किया गया साथ ही पांचवी कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधान पाठिका अनिता जैसवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालक ज्ञानचंद पांडे ने किया।

## ईमानदारी एवं लगन से मिलती है कार्य में सफलता



**तखतपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला, लिम्हा में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भरत मरकाम, अति विशिष्ट अतिथि संतोष कश्यप, जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा दिनेश राजपूत, विशिष्ट अतिथिय आशीष कोलाम, लिम्हा के उपसरपंच आशीष सिंह ठाकुर, पंच तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे। संतोष कश्यप ने ग्राम लिम्हा को अपनी कर्मभूमि बताते हुए बच्चों को आगामी भविष्य में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में स्थापित होने हेतु शिक्षा एवं स्वैच्छिक कार्य के महत्व को बताया। भरत मरकाम ने विद्यार्थियों के जीवन में स्वअनुशासन, ईमानदारी एवं लगन के साथ कार्य को सफलता का मूलमंत्र कहा। दिनेश राजपूत ने जीवन के बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर सतत कार्य, मेहनत, अनुशासन एवं परिणाम तक पहुंचने संबंधी विचार रखे। इस मौके पर वर्षा श्रीवास, कुलदीप सिंह ठाकुर, आरती दुबे, अक्षय प्रजापति, आशा कैवर्त, अंशु साहू, अभिषेक कश्यप, मनीषा प्रजापति, श्रद्धा कैवर्त, अन्नू कश्यप, नेहा कैवर्त, सुशीला श्रीवास, सुनीता यादव शबाना परवीन, रविशंकर सिंह नवीन कश्यप, प्रवीण पाठक, सत्यवती कश्यप, कामिनी गुप्ता, समेलाल साहू, संतोष मरावी संकुल समन्वयक नितेश सिंगरौल सहित अन्य उपस्थित रहे।

* **कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र में मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गई। पिकअप में कुल 11 महिलाएं सवार थीं जिसमें से 4 महिलाओं को चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## कुरेली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



**सकरी।** ग्राम कुरेली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू थी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने भीतर असीम संभावनाएं लेकर विद्यालय आता है इन संभावनाओं को पहचानकर उन्हें सही दिशा देना शिक्षक और अभिभावक दोनों की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महंगे संसाधनों की नहीं बल्कि मजबूत संकल्प,अनुशासन और निरंतर परिश्रम की आवश्यकता होती है। इस मौके पर घनश्याम कौशिक, शिक्षक गौरीशंकर कौशिक, होनहार वैष्णव, सरपंच संजय टंडन, उपसरपंच जलवती कौशिक, आनंद अवस्थी, जितेन्द्र सूर्यवंशी, जलेश्वर कौशिक, नरेश मिरी, गजानंद कौशिक, पंकज कौशिक, बलभद्र महिलांगे, अंजली धुर्वे, दिलीप कौशिक, मोहन नेताम, प्राचार्य डॉ. गीता यादव, प्रधान पाठक मालिकराम मानिकपुरी, कृष्णानंद चौबे, शाखा राम निर्मलकर, रामचरण कौशिक, मेलाउ यादव, रामेश्वर श्रीवास, रंजीता केशरवानी, संध्या साहू, अनीता तिवारी, जीपी उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में संकुल के शिक्षक, छात्र छात्राएं, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बच्चों को दी गई नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक



**तखतपुर।** विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम विकास खण्ड का बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश देकर किया गया।

अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकार, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत, संकेत सामुएल, अंकित अग्रवाल, आयुष सिंह ठाकुर, लव पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम में दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए हरदी, भरनी, मोछ, खरगहना, पोंड़ी शालाओं को एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाला तख़तपुर प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला, सेजेस मौसमी राबिंसन, बालक शाला देवहुति कुंजाम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपक गुप्ता, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, संगीता कोसरिया, पुष्पलता एक्का, उत्तम वस्त्रकार, जितेंद्र शुक्ला, सीमा त्रिपाठी, श्रीमती खलखो, श्रीमती सिन्हा, श्रीकांत मिश्रा, संजय ठाकुर, आबिद अंसारी, वल्लभ रजक, नितेश सिंगरौल, संजीव कुर्रे, लवकान्त द्विवेदी, अमरदीप शर्मा, रोशन शर्मा, सुरेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

## बरेला सशिमं में बच्चों का अभिनंदन



**तखतपुर।** नगर पंचायत बरेला के ग्राम शिक्षण समीति के अंतर्गत संचालित संस्था सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय बरेला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय ने छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं ट्रॉफी देकर स्वागत किया गया साथ ही पुराने बुक बैंक से पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के आचार्य संतोष पटेल, मुस्कान परवीन, मुमताज खान ,भारती देवांगन, अंजनी निर्मलकर ,ललिता धुरी ,रेशमा ठाकुर, आरती दिवाकर, पूनम साहू ,लक्ष्मी जांगड़े, राधेलाल जायसवाल, एवं सभी भैया बहन उपस्थित रहे।

**कार्यालय जनपद पंचायत मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र./1001/ज.पं./स्था./2026 मुंगेली, दिनांक 03/07/2026

**// नीलामी की सूचना //**

जनपद पंचायत मुंगेली के कंतेली ग्राम पंचायत में भूमि स्वामी हक के 32 एकड़ जमीन को 3 वर्ष के लिए कृषि कार्य हेतु दिनांक 10.07.2026 दिन शुक्रवार दोपहर 12 बजे जनपद सभाकक्ष में नीलामी के माध्यम से दिया जाना है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत मुंगेली

### 15 किमी सायकल चलाकर रोज करते हैं डिडनेश्वरी देवी के दर्शन

# आस्था और फिटनेस, 58 की उम्र में अनूठी मिसाल

**मल्हार।** मस्तूरी के रहने वाले 58 वर्षीय राजेश गौरहा अपनी आस्था और फिटनेस के लिए मिसाल बन गए हैं। प्रतिदिन सुबह सूरज निकलने के पहले सायकल चलाकर 15 किलोमीटर दूर मल्हार स्थित डिडनेश्वरी देवी मंदिर पहुंच जाते हैं। विगत कई वर्षों से यह उनकी दिनचर्या बन गई है।

गौरहा का कहना है कि 58 साल की उम्र भले हो गई परन्तु प्रतिदिन सायकल चलाने के कारण आज भी एकदम फिट है। इसलिए वे जब तक स्वस्थ्य हैं तब तक सायकल से माता का दर्शन करने आते रहेंगे और दूसरों को भी स्वस्थ्य रहने सायकल चलाने के फायदे बताते रहेंगे। । विगत कई वर्षो से यह उनकी दिनचर्या बन गई है। वे रोज अपना काम शुरू करने से पहले आने जाने में 30 किलोमीटर सायकल से सफर करते हैं। इस दौरान वे मन्त्र जाप भी करते हैं। श्री गौरहा का मानना है कि दिन की शुरुआत धार्मिक नगरी से हो तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है इसीलिए उनकी दिनचर्या में यह शामिल हो गया है। किसी भी सीजन में नियमित रूप से मल्हार आकर माता के दर्शन करना उन्हें मन की शांति व सुकून देता है।



### बचपन से ही धर्म के प्रति आस्था

राजेश गौरहा बताते हैं कि 6 वर्ष उम्र से ही हनुमानजी के नाम से मंगलवार का व्रत रखते हैं और दोनों नवरात्र तथा एकादशी का भी व्रत रखते हैं जिससे उनको शक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि कई वर्ष पहले अपने आप को सायकल चलाकर मल्हार की माता डिडनेश्वरी का दर्शन करने का सपना आया था जिसके बाद उन्होंने प्रतिदिन सायकल से ही मंदिर जाने का संकल्प लिया था जो आज तक जारी है।

**आस्था व सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान-** राजेश गौरहा मानते हैं कि आस्था जहां व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से मजबूत करती है, वहीं सांस्कृतिक स्वाभिमान उसे अपने इतिहास और विरासत से जोड़कर एक सामूहिक पहचान देता है।

प्रारूप - (तीन)
शपथ पत्र का प्रारूप
(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पचपेड़ी जिला - बिलासपुर छ.ग)

मैं अवधेश कुमार भारद्वाज पिता भागवत प्रासद भारद्वाज निवासी वार्ड न 15 बीचपारा गोडाडीह तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग का स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूँ:- 1. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 2539 1625 0548 है, जिसमे नाम राज (RAAZ) पिता-अवधेश (AVDHESH) दर्ज है, जो कि असत्य है। 2. मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम राज भारद्वाज (RAJ BHARDWAJ) पिता अवधेश कुमार भारद्वाज (AVDHESH KUMAR BHARDWAJ) दर्ज है, जिसके अनुसार अपने पुत्र का आधार कार्ड में नाम सुधार करना चाहता हूँ। 3. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पचपेड़ी को प्रस्तुत कर रहा हूँ। 4. मैं अपने पुराने नाम राज (RAAZ) पिता अवधेश (AVDHESH) को बदल कर नया नाम राज भारद्वाज (RAJ BHARDWAJ) पिता अवधेश कुमार भारद्वाज (AVDHESH KUMAR BHARDWAJ) रख लिया है, अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना/पहचाना एवं संबोधित किया जाएं। 5. यह कि छ.ग राजपत्र मेरा नाम राज भारद्वाज (RAJ BHARDWAJ) पिता अवधेश कुमार भारद्वाज (AVDHESH KUMAR BHARDWAJ प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं। 6. अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांक 30/06/2026
स्थान - पचपेड़ी

अवधेश कुमार भारद्वाज
शपथकर्ता

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

दिनांक 02.07.2026

प्रति, 1. तेजपाल सिंह 2. मेहबूब 3. धनैया गोंड़
विषयः सीमांकन/ स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भः न्याया. अ.वि.अ./ तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार के ज्ञापन क्रमांक क/Q/तह./वाचक/2026, बिलासपुर दिनांक 30.06.2026

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर अंतर्गत आवेदक तेजपाल सिंह पिता/ पति सरदार सिंह निवासी दयालबंद द्वारा ग्राम खमतराई स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 992, 993 रकबा 0.3800 हेक्टेयर की सीमांकन/ स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक/ गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त दस्तावेज को लेकर दिनांक 08.07.2026 को प्रातः/ दोपहर 11.00 से 5.00 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/ स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

रमेश कुमार वैष्णव
पटवारी
प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन/ मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु**

प्रति, आवेदक/ आवेदिका सतीश मिश्रा आ. राधेश्याम बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1. इरशाद सिद्दकी 2. लखन 3. अन्य हितबद्ध सरहदी भूमि स्वामी 4. ग्राम कोटवार
विषयः सीमांकन/ मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भः न्याया. ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क्र./ना.तह./वा./2025 बोदरी दिनांक 23.04.2026

उक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका सतीश मिश्रा पिता/ पति राधेश्याम जाति ब्राम्हण निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कडार मन 04 प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. 23/4 (मन 04) रकबा 0.1500 हे. भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसील बोदरी छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/ मौका जांच दिनांक 15.07.2026 को 12.00 बजे से 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
टीपः उपरोक्त सीमांकन/ मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-21/2024-25
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम परसदा प.ह.न. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुध्द सिंह पिता स्व. रामसिंह द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रानुसार ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 127/1 रकबा 0.429 हे. भूमि को गैर आदिवासी जगदीश प्रसाद चंद्रकार पिता स्व. होरीराम चंद्रकार के पास विक्रय किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 06.07.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**न्यायालयः- श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला-मुंगेली (छ0ग0)**

कृष्ण कुमार नागरे वगैरह .........आवेदकगण
बनाम
शाखा प्रबंधक छ0ग0 राज्य ग्रामीण बैंक वगैरह...........अनावेदकगण

प्र0क्र0 05/2026
पेशी तारीख 17.07.2026
प्रोसेस क्र0- 163/26

प्रति,
आम जनता जो संबंधित हो।

नोटिस/समंस

इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है. के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 17.07.2026 को नियत है।

अतः आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित हो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक 25.06.2026 मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(जसविन्दर कौर अजमानी मलिक)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली छ0ग0

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### 5 साल की बच्ची से गैंगरेप, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** खेलने के बहाने 5 साल की बच्ची को सूने मकान में ले जाकर दो युवकों ने अनाचार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली 5 साल की मासूम बच्ची 4 जुलाई को दोपहर में स्कूल से छुट्टी होने पर घर आई। उस दौरान उसके माता पिता काम करने खेत गए थे। कुछ देर बाद बच्ची घर से खेलने के लिए निकली। इसी दौरान रलिया निवासी चमन सिदार पिता टंगु सिदार 19 साल, विश्राम मरकाम पिता सीताराम 24 साल बच्ची को खेलने का झांसा देते हुए एक सूने मकान में लेकर गए और बारी बारी से अनाचार कर भाग गए। बच्ची रोते बिलखते अपने घर आ गई। शाम को माता पिता घर आए तब बच्ची ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 65, 2, 70, 2 एवं 4, 9 पाक्सो एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### कोनी में गिरी बिजली एक की मौत

**बिलासपुर।** भारी बारिश और आसमानी बिजली लोगों के लिए मुसीबत भी सबित हो रही है। कोनी व सेंदरी क्षेत्र में बिजली गिरने के कारण 1 व्यक्ति की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सेंदरी रेत घाट के पास निरतु निवासी धर्मलाल यादव पिता केलाराम यादव की मौत हो गई। बिजली गिरने के कारण आई चोट को लेकर आसपास के लोगों ने 112 को जानकारी दी लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

### करंट की चपेट में आने से गई जान

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के रमतला गांव में करंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि 28 वर्षीय रितेश यादव पिता देवारी यादव बारिश के दौरान छत की सफाई करते हुए लोहे के एंगल को हटा रहा था, इस दौरान एंगल बिजली तारों से लिपट गया जिसके चलते व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 70 गुण्डा बदमाशों की ली गई क्लास, 12 जेल गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने शहर में अभियान चलाकर 70 गुण्डा बदमाशों को पकड़ा, सभी को चेतना भवन ले जाकर अधिकारियों ने गुण्डागर्दी नहीं करने की चेतावनी दी। वहीं सक्रिय 12 बदमाशों व हथियार के साथ पकड़े गए 2 बदमाशों को जेल भेजा गया है। 5 जून को एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल के नेतृत्व में शहर के सभी थानेदारों ने अपने अपने क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों के घरों में दबिश देकर जांच की। सभी थाना क्षेत्रों से 70 गुण्डा बदमाशों को पकड़कर पुलिस लाइन स्थित चेतना भवन में लाया गया। यहां पुलिस अधिकारियों के द्वारा बदमाशों की क्लास लेकर गुण्डागर्दी नहीं करने की चेतावनी दी। वहीं लगातार गुण्डागर्दी करने में सक्रिय 12 बदमाश व अवैध हथियार के साथ पकड़े गए 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



### आज पानी की सप्लाई होगी बाधित

**बिलासपुर।** व्यापार विहार स्थित हाईटैंक टंकी की सफाई के कारण सोमवार को पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान तालापारा वार्ड 25 व 26, मरीमाई, भारत चौक, कुम्हारपारा वार्ड 23, ग्रीन पार्क कालोनी, अज्ञेय नगर, वार्ड नं 27 विनोबा नगर, क्रांति नगर, बैंक कालोनी में शाम 4 से 7 बजे तक पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**पैसे की वापसी का फिलहाल कोई प्रावधान नहीं** | भविष्य में ऑप्शन आया तो हो सकती है वापसी

# ऑनलाइन डायवर्सन में आपत्ति लगी, तो लटक जाएगा पक्षकारों के चालान का पैसा



**बिलासपुर।** डायवर्सन के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के दौरान किसी भी तरह की आपत्ति आने के बाद आवेदन की फाईल तो वापस हो जाएगी, लेकिन चालान के रूप में जमा की गई राशि की वापसी का कोई प्रावधान नहीं है। एप में वापसी के लिए किसी भी तरह का ऑप्शन नहीं होने के कारण पक्षकारों के पैसे लटक रहे हैं। शासन ने भविष्य में पैसे की वापसी का ऑप्शन दिया तो पक्षकारों को पैसे वापस मिलने की संभावना बन सकेगी।

ऑनलाइन डायवर्सन के लिए आवेदन करने की सोच रहे पक्षकारों को किसी भी तरह की जल्दीबाजी महंगी पड़ सकती है। डायवर्सन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होती है, जिनमें जमीन की रजिस्ट्री के पेपर, बी-वन की नकल, अधिकार पत्रक, मिसल रिकार्ड, जमीन का नक्शा व पटवारी रिपोर्ट एवं टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग के मद उपयोग संबंधी कागजात के साथ शासन को चालान के रूप में जमा गए गए शुल्क की कॉपी भी संलग्न की जाती है। इन सभी दस्तावेजों की फाईल बनाकर विभाग में प्रस्तुत करना होता है, जिसकी स्कैनिंग की जाती है। इस दौरान किसी भी तरह की आपत्ति लगने की दशा में पक्षकार की फाईल तो वापस होती है, लेकिन चालान के रूप में जमा की गई राशि की वापसी का फिलहाल कोई प्रावधान नहीं है। इस संबंध में शासन को अवगत कराया गया है। भविष्य में एप में पैसे की वापसी का भी ऑप्शन संभव है, लेकिन तब तक फिलहाल यह पक्षकारों के लिए घाटे का सौदा बना हुआ है।

#### इन बातों का रखना होगा ध्यान

डायवर्सन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय पक्षकारों को अपनी भूमि के आकार व स्थल के अनुरूप शासन को चालान जमा करना होता है। इस दौरान डायवर्सन शाखा या नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में अपनी जमीन के लोकेशन के आधार पर भूमि के व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक या अन्य मद व उपयोग के संबंध में अच्छे से पतासाजी करके ही चालान जमा किया जाए। मद की सही जानकारी नहीं होने पर चालान के रूप में कम राशि जमा करने की स्थिति में बाद में आवेदन निरस्त होने या आपत्ति लगने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

#### आप्शन देने से वापस होगी राशि

ऑनलाइन डायवर्सन के आवेदन करने के दौरान आपत्ति लगने पर फाईल की वापसी तो होगी, लेकिन चालान के रूप में जमा राशि एप में कोई प्रावधान नहीं होने के कारण अटक जाएगी। आने वाले समय में शासन द्वारा एप में ऑप्शन देने की स्थिति में पैसे की वापसी संभव है।

**-मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर

---

3 लाख छात्रों के लिए नए शिक्षा सत्र में लगभग 15 लाख किताबों की जरूरत

# 300 से अधिक स्कूलों के 2 लाख बच्चों को 8 लाख किताबों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नया शिक्षा सत्र शुरू हुए 15 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं। स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है, कक्षाएं भी चल रही हैं और शिक्षक भी पढ़ाने का दावा कर रहे हैं लेकिन जिले में 300 से अधिक स्कूलों में अब तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। इस वजह से हजारों छात्र बिना किताबों के ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सैकड़ों छात्र अभी भी पुरानी कॉपी, नोट्स या शिक्षकों के बताए पाठ के सहारे पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षा विभाग भी स्वीकार रहा है कि 2 लाख बच्चों तक किताबें नहीं पहुंची है। इसके लिए कोशिश जारी है।

गौरतलब है कि जिले में करीब 3 लाख छात्रों के लिए नए शिक्षा सत्र में लगभग 15 लाख किताबों की जरूरत है। हर छात्र को उसकी कक्षा के हिसाब से 3 से 6 किताबें दी जाती हैं। प्राथमिक कक्षा के बच्चों को 3 से 4 किताबें, मिडिल स्कूल के छात्रों को 5 किताबें और हाईस्कूल के छात्रों को 6 किताबें मिलनी हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार की योजना के तहत कक्षा 1 से 10 वीं तक के सभी छात्रों को मुफ्त किताबें दी जाती हैं। इन किताबों को छापने और स्कूलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पाठ्य पुस्तक निगम की होती है। इस बार देरी होने से नए सत्र की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

#### टेंडर में हुई देरी

इस बारे में जानकारी के मुताबिक पिछले 3 महीने से टेंडर में देरी और कागज से जुड़ी समस्या के कारण किताबों की छपाई और डिस्ट्रीब्यूशन समय पर नहीं हो पाया। 70 और 80 जीएसएम कागज को लेकर सरकारी स्तर पर विवाद चल रहा है। दरअसल 70 जीएसएम कागज पर किताबें छपतीं थीं। इस बार लेकिन इसे 80 जीएसएम करने का प्रस्ताव रखा गया। हालांकि, इस पर यह तर्क देते हुए आपत्ति जताई गई कि मोटे कागज से किताबों का वजन बढ़ेगा और छात्रों के स्कूल बैग का बोझ भी ज्यादा हो जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव में संशोधन करना पड़ा, जिससे टेंडर और छपाई की पूरी प्रक्रिया प्रभावित हुई और किताबों के वितरण में देरी हो गई।

**पुरानी कापी और नोट्स के सहारे पढ़ाई की मजबूरी**









#### पहुंचाई जा रहीं किताबें

सभी सरकारी स्कूलों में किताबें पहुंचाईं जा रही हैं। प्राइवेट स्कूलों के लिए भी एक-दो दिनों में किताबों का डिस्ट्रीब्यूशन शुरू हो जाएगा। वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तक निगम से नई किताबें आई हैं, जो अगले 2 से 3 दिनों में पहुंच जाएंगी। इसके बाद वहां भी किताबों का डिस्ट्रीब्यूशन किया जाएगा।

**- रामेश्वर जायसवाल**, जिला शिक्षा अधिकारी

#### पढ़ाई पर असर, छात्रों को हो रही परेशानी

स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षकों के मुताबिक भी नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन कई स्कूलों में छात्रों को अब तक पूरी किताबें नहीं मिली हैं। दूसरी ओर बच्चों और पेरेंट्स को उम्मीद थी कि इस बार किताबें समय पर मिल जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। कई छात्र अभी भी पुरानी कॉपी, नोट्स या शिक्षकों के बताए पाठ के सहारे पढ़ाई कर रहे हैं। इससे पढ़ाई की रफ्तार धीमी हो गई है। सत्र की शुरुआत का अहम समय भी बिना किताबों के गुजर रहा है, जिससे छात्रों को परेशानी हो रही है। छात्रों के मुताबिक स्कूल में कहा गया है कि अभी पुरानी किताबों से पढ़ाई करना है।

# नेशनल हाईवे में दर्रीघाट के पास मवेशियों का कब्जा

### बारिश में बड़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से मस्तूरी होते रायगढ़ की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में दर्रीघाट के पास सड़क पर मवेशियों का कब्जा हो गया है। यहां बड़ी संख्या में मवेशियों के बीच सड़क पर बैठे रहने के कारण एक ओर जहां आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है, वहीं लगातार बारिश के कारण बड़ी दुर्घटना का भय भी बना हुआ है।

- **बीच सड़क पर बड़ी संख्या में बैठे रहते हैं आवारा व पालतू पशु**

बारिश के मौसम में सड़क पर सामने की ओर धुंधले रास्ते में कठिनाई से वाहन चला पाने वाले वाहनचालकों की परेशनी सड़क पर बड़ी संख्या में बैठे रहने वाले मवेशी बढ़ा रहे हैं। नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच बनाई जा रही फोरलेन सड़क दर्रीघाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग से मिलती है। ठीक इसी जगह पालतू एवं आवारा मवेशियों का चौबीसों घंटे जमावड़ा लगा रहता है। तेज बारिश होने के दौरान वैसे तो सड़क पर पशुओं का जमावड़ा नहीं होता, क्योंकि इस दौरान वे बारिश से बचने छांव की तलाश में इधर-उधर होते हैं। इसके विपरीत हल्की बारिश होने या बारिश बिल्कुल नहीं होने की स्थिति में पशुओं की बड़ी संख्या साफ-सुथरी होने के कारण बीच सड़क पर ही नजर आती है।

बीच सड़क पर बड़ी संख्या में पशुओं की मौजूदगी एक ओर जहां उनके लिए भी खतरनाक है, वहीं वाहनचालकों के भी दुर्घटना का कारक है। विगत वर्षों में पशुपालन विभाग द्वारा सड़क पर बैठे मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान चलाया गया था, ताकि उन्हें व वाहनचालकों को दुर्घटना से बचाया जा सके, लेकिन फिलहाल कोई बजट नहीं होने के कारण विभाग का यह अभियान भी थम गया है, जिससे सड़क पर बगैर रेडियम पट्टी वाले पशुओं की संख्या ही अधिक नजर आ रही है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना काफी हद तक बढ़ गई है।



एनएच पर आवारा मवेशियों का डेरा।

# पांच माह में गाड़ी चलाते समय मोबाइल में बात करने वाले 2 हजार 621 लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैफिक पुलिस ने 5 माह में गाड़ी चलाते समय मोबाइल में बात करने वाले 2 हजार 621 लोगों पर कार्रवाई की है। आईटीएम के कैमरे से वाहन सवारों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सतत निगरानी रखते हुए सुरक्षा मापदंड एवं मानकों का उल्लंघन करने पर सख्ती एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आईटीएम के सीसीटीवी कैमरे से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा रही है। विगत 5 माह में गाड़ी चलाते समय मोबाइल में बात करने वाले 2 हजार 621 लोगों पर कार्रवाई की गई है। वाहन चलाते समय लोग कान में ईयरफोन, मोबाइल का उपयोग करते मशगूल रहते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। चौक चौराहे पर लगे पीए सिस्टम के माध्यम से संदेश प्रसारित किया जा रहा है कि वाहन चालक एवं आम नागरिक सुरक्षा मानकों की अवहेलना न करें। इसके बावजूद भी युवाओं में इस तरीके की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है, पुलिस इस पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है।







# आधी रात तक कई इलाकों में ब्लैक आउट

**बिलासपुर।** रह-रह कर होती रही बारिश ने एक बार फिर उपभोक्ताओं के लिए भारी पड़ने लगी, इस दौरान शहर के कई इलाकों में आधी रात तक बिजली बंद रही।

- **33 केवी लाइन में ट्रिपिंग**

बारिश हुई नहीं की करंट आफ हो गया, रविवार को कई इलाकों में यही हाल होता रहा, जिसके चलते रविवार का मजा भी किरकिरा हो गया। शनिवार की दरमियानी रात से ही 33 केवी लाइन में बार-बार ट्रीपिंग की शिकायत रही, इस दौरान बिजली आती व जाती रही, जिससे रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक 10 से अधिक बार बिजली बंद होती रही है। वहीं दोपहर 12 बजे से रह-रह कर हो रही बारिश के बाद भी बिजली ने लोगों को परेशान कर दिया। अशोक नगर, हेमु नगर, कुदुदंड, मसानगंज, नेहरू नगर, तिफरा, सिरगिट्टी और कोनी जैसे इलाकों में बिजली की आंख मिचौली जारी रही है। कई बार ट्रांसफार्मर का डियो खराब होने के कारण सिंगल फेस लाइन बंद रही है, वहीं टिकरापारा, विनोबा नगर, नेहरू नगर, नर्मदा नगर, मंगला, घुरू अमेरी, सरजू बगीचा, तेलीपारा, कतियापारा, बसस्टैंड में घंटों बिजली बंद रही।

#### फाल्ट ढूंढने में होती रही परेशानी

बताया जा रहा है कि शाम 6 बजे से कोनी क्षेत्र में बिजली बंद रही, इस दौरान बारिश होने के कारण कर्मचारियों को फाल्ट ढढूंने में परेशानी होती रही, यही हाल नेहरू नगर, और तोरवा, लिंक रोड और विनोबा नगर में भी देखी गई। बताया जा रहा है कि शांति लॉज, टिकरापारा, करबला रोड में 3 घंटें से अधिक देर तक बिजली बंद रही, बारिश के कारण बिजली कर्मचारी लाइनों में दुरूस्त नहीं कर पा रहे थे।

# तोरवा क्षेत्र में सट्टा बाजार चलाने वाले खाईवाल के 4 और साथी गए जेल

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र में सट्टा बाजार चलाने वाले खाईवाल के 4 और साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का अभियान आगे भी जारी है। उसके अन्य सट्टापट्टी लिखने वाले सटोरियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

एसएसपी रजनीश सिंह के निर्देश पर तोरवा क्षेत्र में बेखौफ सट्टा बाजार चलाने वाले खाईवाल व सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। 5 जून को फिर तोरवा पुलिस ने खाईवाल के लिए सट्टापट्टी लिखने वाले सटोरिया दीपक रामनानी पिता तुलाराम रामनानी 53 साल धानमंडी तोरवा, अजहर जुनजानी पिता स्व. वीआईए जुनजानी 50 साल करबला चौक, सुधीर बोले पिता दयाप्रसाद बोले 56 साल दयालबंद गुरूनानक चौक, शुभम पांडे पिता संजय पाण्डेय 30 साल तेलीपारा निवासी को पकड़कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के साथ साथ संगठित अपराध के प्रावधानों के अंतर्गत धारा 112 के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है। उनके पास 3 मोबाइल जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले खाईवाल किशनचंद बजाज सहित चार सटोरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।









#### पहली बार बड़ी कार्रवाई

26 साल में यह पहली बार सट्टा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। लंबे अरसे से क्षेत्र में सट्टा बाजार चलाने वाले खाईवाल सहित उसके लिए सट्टापट्टी लिखने वाले 7 सटोरियों को गिरफ्तार को जेल भेजा गया है। वहीं उसके लिए सट्टापट्टी लिखने वाले अन्य सटोरियों को चिन्हांकित कर उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### व्यायाम शिक्षकों ने की विखं क्रीड़ा अधिकारी के पद की मांग

**बिलासपुर।** व्यायाम शिक्षक संघ की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विकासखंड स्तर पर क्रीड़ा अधिकारी के पद पर नियुक्ति किए जाने मांग की है। गुरुवार को व्यायाम शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं व्यायाम शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल से भेंटकर मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिला शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के अध्यक्ष धनीराम यादव ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने व्यायाम व्यायाम शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। संघ की प्रवक्ता भारती दुबे ने कहा कि व्यायाम शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में डॉ.सुरेश शुक्ला, कालेश्वर कश्यप, महेश शर्मा, साजिद खान, रामकुमार टंडन, उत्तरा चेलकर, निशा दुबे, भारती दुबे, सुलोचना भारद्वाज, सुभाष त्रिपाठी, अमित तिवारी, तूलिका सिंह आदि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411